उत्तर प्रदेश में बनेंगे 18 नए थाने और 22 पुलिस चौकियाँ, कुशीनगर में खुलेगा पर्यटन थाना

चर्चा में क्यों?

14 सितंबर, 2022 को उत्तर प्रदेश गृह विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने बताया कि राज्य सरकार ने राज्य के विभिन्न ज़िलों में पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक मज़बूत बनाने के लिये 18 नए थाने और 22 चौकियाँ बनाने एवं कुशीनगर में नया पर्यटन पुलिस थाना खोलने का फैसला किया है।

प्रमुख बिंदु

- संजय प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, अपराधों पर और अधिक प्रभावी तरीके से अंकुश लगाए जाने, महिलाओं तथा आम लोगों को और अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिये राज्य के विभिन्न ज़िलों में 18 नए थाने और 22 चौकियाँ बनाने का निर्णय लिया गया है।
- इस संबंध में पुलिस महानिदेशक और अपर पुलिस महानिदेशक (पुलिस मुख्यालय) को ज़रूरी आदेश जारी कर दिये गए हैं। इसके अलावा प्रदेश के इन नए थानों और पुलिस चौकियों में ज़रूरी पदों के सृजन के बारे में अलग से निर्देश जारी किये जाएंगे।
- गाज़ियाबाद ज़िले के मसूरी/कविनगर थाने के क्षेत्र को काटकर वेब सिटी के नाम से तथा विजय नगर थाने के क्षेत्र को काटकर क्रासिंग रिपब्लिक नाम से नए थाने बनाए गए हैं। खम्पर और बांकाटा थाने के बँटवारे के बाद देवरिया में सुरोली नया थाना होगा।
- अयोध्या के मवई थाने का क्षेत्र काटकर बाबा बज़ार नाम से नया थाना बनाया गया है। राजधानी लखनऊ के मलीहाबाद थाना क्षेत्र के रहीमाबाद गाँव में स्थापित पुलिस चौकी को उच्चीकृत कर रहीमाबाद नाम से नया थाना बनाया गया है। प्रयागराज के धूमनगंज क्षेत्र में एयरपोर्ट थाने की स्थापना किये जाने का निर्णय लिया गया है।
- प्रमुख सचिव ने बताया कि अलीगढ़ में पाँच, गाज़ीपुर में तीन और हरदोई तथा सीतापुर में दो-दो नई पुलिस चौकियाँ खोली गई हैं। इसके अलावा फर्रुखाबाद, आगरा, मथुरा, बहराइच, प्रयागराज, हरदोई, अमेठी, सीतापुर, उन्नाव, प्रतापगढ़ में एक-एक नई पुलिस चौकी खोली जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/18-new-police-stations-and-22-police-posts-will-be-built-in-uttar-pradesh,-tourism-station-will-open-in-kushinagar